


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 16 मई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 220 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# ऑनलाईन डिलीवरी पर संकट

## Swiggy, Zomato, Blinkit, Zepto के कर्मचारियों ने किया हड़ताल का ऐलान

**नई दिल्ली।** देशभर में ऑनलाइन खाना और राशन (Grcoery) ऑर्डर करने वाले उपभोक्ताओं को है। इस हड़ताल के तहत आज दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक डिलीवरी पार्टनर्स अपने से प्रति किलोमीटर सर्विस रेट में तत्काल बढ़ोतरी की मांग की। इसके अलावा, यूनियन ने कहा कि ईंधन




आज भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए 'गिग एंड प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन' (GIP-SWU) ने शनिवार को पांच घंटे की सांकेतिक हड़ताल का आह्वान किया ऐप्स को ऑफलाइन रखा। जिससे Swiggy, Zomato, Blinkit और Zepto जैसी प्रमुख ऐप-आधारित कंपनियों की सेवाएं पूरी तरह ठप रहने की आशंका है। ईंधन की कीमतों में लगभग 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद, GIP-SWU ने सरकार और बड़े डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी उन्हें और भी आर्थिक संकट में धकेल रही है। हज़ारों डिलीवरी पार्टनर्स और ड्राइवरों के लिए, ईंधन की बढ़ती कीमतों का मतलब है कि अब उन्हें सड़क पर ज़्यादा खर्च करना पड़ रहा है मजदूरी कम मिल रही है। भी चेतावनी दी कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से लगभग 1.2 करोड़ गिग वर्कर्स पर बुरा असर पड़ेगा, जो अपनी रोज़ाना की कमाई के लिए मोटरसाइकिलों और स्कूटरों पर निर्भर हैं। बढ़ोतरी के बाद, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब लगभग 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीज़ल की कीमत 90.67 रुपये प्रति लीटर है। यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के बीच हुई है।

**● ईंधन की कीमतों में इजाफे से बाइकों के जरिये परिवार चलाने वालों की मुसीबत बढ़ी**

## फातिमा सना ने 15 गेंदों पर 50 रन बनाकर ऋचा घोष को छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 मैच में वो काम कर दिया जो बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान जैसे बल्लेबाज भी पाकिस्तान के लिए नहीं कर सके। फातिमा ने इस मैच में महज 15 गेंदों पर अर्धशतक जमाया है और अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज कराया। ये महिला टी20 इंटरनेशनल में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऋचा घोष के नाम था जिन्होंने 18-18 गेंदों पर फिफ्टी बनाई थी। फातिमा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में तो नया रिकॉर्ड कायम किया है। साथ ही वह महिला टी20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाली खिलाड़ी भी बन गई हैं।

## डीएम पर विवादित टिप्पणी में आजम को दो साल कैद, 20 हजार जुर्माना



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां को तत्कालीन डीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में रामपुर की कोर्ट ने दो साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भोट थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था। आरोप था कि चुनाव प्रचार के दौरान सपा नेता ने तत्कालीन जिलाधिकारी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी। शनिवार को कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद आजम खां को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया गया। उधर, सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में सुनाई गई सजा बढ़ाने को लेकर दायर अपील पर शुक्रवार को बचाव पक्ष की ओर से बहस शुरू हुई। उनकी बहस अभी जारी है।

## बंगाल के आसनसोल में पुलिस चौकी में तोड़फोड़-पथराव

**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद शुक्रवार रात को तनाव फैल गया। रेलपार इलाके में भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी। रात को बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ ने चौकी पर पथराव किया। पुलिस और आम लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ की।

# वाड्रा को मिल गयी जमानत

## देश न्यायिक व्यवस्था पर जताया भरोसा

**● कहा–मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है**



**नई दिल्ली।** शिकोहपुर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को जमानत मिलने के बाद कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वे निडर हैं और कुछ छिपाना नहीं चाहते हैं, बस ईडी को झेलना है। उन्होंने कहा कि झेलने की क्षमता है, वह सबसे बड़ी चीज है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, 'मुझे इस देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। मुझे पता है कि ईडी को सरकार चला रही है और ईडी सरकार के इशारों पर ही काम करती रहेगी। मुझे देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। मैं हमेशा यहीं रहूंगा और सभी सवालों के जवाब दूंगा। मैं निडर हूं और मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।' शनिवार को रॉबर्ट वाड्रा शिकोहपुर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए, जहां उन्हें कोर्ट से 50,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी गई।

## पेपर लीक मामले में NSUI ने शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद NEET-UG 2026 परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय छात्र संघ (NSUI) के सदस्यों ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। NSUI के सदस्य NTA को बंद करने का प्रतीक ताला और जंजीर लिए हुए थे, तख्तियां लिए हुए थे और NTA तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अनियमितताओं के लिए आलोचना करते हुए नारे लगा रहे थे। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए न्याय की मांग की। केंद्र और NTA पर अक्षमता का आरोप लगाते हुए उन्होंने एजेंसी पर प्रतिबंध लगाने और मामले की चल रही जांच के मद्देनजर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प होने पर पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

## छात्रा की मिली नग्न लाश दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**बहराइच।** बहराइच में बाग जाने के लिए शुक्रवार सुबह घर से निकली छात्रा रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। शनिवार सुबह झाड़ियों से उसका शव मिला। मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। शरीर पर कपड़े नहीं थे। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। गांव निवासी छात्रा प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ती थी। शुक्रवार को वह सुबह बाग से आम लाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इस पर परिवार के लोगों ने थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई। इसी बीच आज शनिवार सुबह बाग से कुछ दूरी पर स्थित मक्के के खेत से छात्रा का शव मिला। छात्रा के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था और शरीर पर कपड़े नहीं थे, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है।

## 80 साल के पति ने 72 वर्षीया पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला

**गाजियाबाद।** मुरादनगर के रावली कला गांव में आज शनिवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 80 वर्षीय एक बुजुर्ग ने अपनी 72 वर्षीय पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।



इस सनसनीखेज हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी पति खुद थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह लगभग चार बजे हरपाल पुत्र खचेड़ू निवासी रावली कला, थाना मुरादनगर ने रावली चौकी पहुंचकर पुलिस को सूचना दी कि उसने अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से काट दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंची।


## 66,000 टन कुकिंग गैस लेकर भारत लौट रहे दो बड़े एलपीजी टैंकर

**नई दिल्ली।** भारतीय ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिए बेहद राहत भरी खबर आई है। कतर से कुल 66,392 मीट्रिक टन रसोई गैस (LPG) लेकर आ रहे दो बड़े जहाजों ने दुनिया के सबसे संवेदनशील और रणनीतिक समुद्री मार्ग 'होर्मुज जलडमरूमध्य' (Strait of Hormuz) को सुरक्षित रूप से पार कर लिया है। इनमें से पहला विशाल LPG टैंकर 'सिमी' आज (शनिवार) गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर लंगर डालने वाला है। दूसरा जहाज़, 'NV सनशाइन', गुरुवार सुबह 9:30 बजे होर्मुज से गुज़रा। इस जहाज़ के भी 18 मई तक 'न्यू मैंगलोर बंदरगाह' पहुंचने की उम्मीद है।

## ट्रंप की हत्या पर 50 मिलियन यूरो का इनाम, ईरानी संसद में पेश किया जाएगा प्रस्ताव



**तेहरान।** ईरानी मीडिया में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक खबर सामने आई, जिसने सबका ध्यान खींचा है। ताजा रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रंप की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब रु.558 करोड़) के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा 'काउंटर-एक्शन' नाम के योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। इस मसौदे में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के लिए करीब रुपये 558 करोड़ का इनाम देने का प्रस्ताव शामिल है।




# बड़ी तबाही मचा सकता है अलनीनो

**● देश में कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ की बनेगी स्थिति, तय समय से पहले आ सकता है मानसून**



**नई दिल्ली।** भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के बीच मॉनसून पर संकट के बादल और गहरे हो गए हैं। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नोआ' (NOAA) के लेटेस्ट अनुमानों के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तापमान तेजी से बढ़ने के कारण अल नीनो उम्मीद से कई हफ्ते पहले मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून तय समय से 4 दिन पहले 26 मई को केरलम पहुंच सकता है। अंतरराष्ट्रीय मौसम एजेंसियों के अनुसार, यह खतरनाक मौसमी स्थिति इस बार पूरे मॉनसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 82 प्रतिशत हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि पिछले महीने जारी इस साल के लिए अपने पहले मानसून पूर्वानुमान में, IMD ने सीजन के दूसरे हिस्से के आसपास अल नीनो के उभरने की संभावना को ध्यान में रखा था। लेकिन ताजा अनुमानों के मुताबिक, अल नीनो के इस समय पूर्व आगमन का सीधा असर मॉनसून की बारिश पर पड़ेगा, जिससे देश में सूखे की स्थिति पैदा होने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। अल नीनो प्रशांत महासागर में उत्पन्न होने वाली एक प्राकृतिक विनाशकारी जलवायु घटना है। यह पूरी दुनिया के मौसम को प्रभावित करती है। अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असाान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है, जिससे कहीं भयंकर सूखा तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। अधिकांश मौसम मॉडल्स संकेत दे रहे हैं कि यह इतिहास की सबसे भीषण अल नीनो घटनाओं में से एक हो सकता है, जिसका दुनिया भर के मौसम पर गहरा असर पड़ेगा।

## पाक और बांग्लादेश में बढ़ा याराना, मसूरी की जगह चुना लाहौर

**नई दिल्ली।** भारत का पहाड़ी पर्यटन स्थल मसूरी बांग्लादेशी सिविल सेवकों के लिए कई सालों तक प्रशिक्षण केंद्र रहा, जो दोनों पड़ोसी देशों के बीच घनिष्ठ और स्थिर संबंधों का प्रतीक था। अब संबंधों में तनाव, समझौतों की अवधि समाप्त होने और वीजा संबंधी बाधाओं के चलते ढाका ने मसूरी की जगह लाहौर को चुना है। बांग्लादेश के बारह नौकरशाह लाहौर स्थित सिविल सर्विसेज एकेडमी में प्रशिक्षण (4-21 मई) ले रहे हैं। यह बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच अपनी तरह का पहला व्यवस्थित कार्यक्रम है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद से दोनों देश एक-दूसरे के करीब आए हैं और कई क्षेत्रों में उनके बीच सहयोग बढ़ा है।

जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 40.3°C
● तापमान न्यूनतम : 24.8°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 16 मई, शनिवार 2026 (3)





# महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

## सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिये रखा निर्जला व्रत, सावित्री मंदिर में उमड़ी भीड़

**● इस साल शनि जयंती के साथ बुधादित्य, नवपंचम, गजलक्ष्मी और विपरीत योग भी बन रहे**



**वाराणसी।** ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत इस बार 16 मई 2026, शनिवार को है। इस दिन शनि जयंती भी पड़ रही है, जिससे सौभाग्य योग और शोभन योग जैसे शुभ योग बन रहे हैं। पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए सुहागिन महिलाएं इस दिन बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। काशी खंडोक्त के अनुसार कंचन वट सावित्री का संयुक्त मंदिर दशाश्वमेध क्षेत्र के मीरघाट स्थित धर्मकूप मुहल्ले में है। यहां वट सावित्री के दिन पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। वैदिक कैलेंडर के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या तिथि 16 मई को सुबह 05:11 बजे शुरू होकर 17 मई को 01:30 बजे तक रहेगी। वट सावित्री 2026 पर पूजा का सबसे उत्तम समय सुबह 07:12 से 08:24 बजे तक रहा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:50 से दोपहर 12:45 बजे तक रहा। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:07 से 4:48, विजय मुहूर्त दोपहर 2:04 से 3:28 और गोधूलि मुहूर्त शाम 7:04 से 7:25 बजे तक है। इस साल शनि जयंती के साथ बुधादित्य, नवपंचम, गजलक्ष्मी और विपरीत राजयोग भी बन रहे हैं। बरगद के पेड़ को वट वृक्ष कहा जाता है, जिसमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। मान्यता है कि सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे बैठकर कठोर तपस्या कर सत्यवान के प्राण बचाए थे। इसी कारण इस व्रत को वट सावित्री कहते हैं। बिना वट सावित्री कथा सुने व्रत पूरा नहीं माना जाता। व्रती महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं। लाल वस्त्र पहनकर 16 श्रृंगार करना शुभ है। वट वृक्ष की परिक्रमा के लिए कलावा/कच्चा सूत, बांस का पंखा, रक्षासूत्र, पान के पत्ते, श्रृंगार का सामान, भिगोए हुए काले चने, नारियल, बताशा, फल, वट सावित्री कथा पुस्तक, सावित्री-सत्यवान की फोटो, धूप-दीपक-अगरबत्ती, पूजा थाली, सवा मीटर लाल या पीला कपड़ा, सिंदूर-रोली-अक्षत-कुमकुम-चंदन, सुपारी-फूल, पानी का कलश, मिठाई, सात प्रकार के अनाज और वट वृक्ष की शाखा।

## 23 जून का दस्तक दे सकता है मानसून



**वाराणसी।** काशी में मानसून 23 जून तक दस्तक दे सकता है। दूसरी ओर काशी में प्रचंड लू को लेकर यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गर्म हवाएं 60 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चल सकती हैं। 17, 18, 20 और 21 मई के लिए यलो अलर्ट, जबकि 19 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने यूपी के अलग-अलग शहरों में मानसून के प्रवेश की संभावित तिथि जारी की है। विभाग के अनुसार मानसून 26 मई को केरल तट पर पहुंच जाएगा। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक 41.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि आगामी 6 से 8 दिनों तक तापमान बढ़ने के साथ लू चलने के आसार हैं।

## दालमंडी में रिफलेक्टर टेप चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश

**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरी मीणा ने दालमंडी क्षेत्र में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए दालमंडी में त्रिस्तरीय बैरीकेडिंग, रिफलेक्टर टेप और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन क्षेत्रों, बाजारों, संवेदनशील स्थलों तथा यातायात डायवर्जन व्यवस्था का पैदल घूमकर जायजा लिया। अपर पुलिस आयुक्त ने कहा कि दालमंडी क्षेत्र घनी आबादी, व्यापारिक गतिविधियों, धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनशीलता तथा संकरे मार्गों के कारण हमेशा से संवेदनशील माना जाता रहा है।

## बरेका में 'पूल्ड वाहन दिवस' पर ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री द्वारा मितव्ययता, ऊर्जा संरक्षण एवं प्रेरक कार्य संस्कृति विकसित करने की अपील का बरेका में बड़ा असर देखने को मिला। शनिवार को आयोजित पूल्ड वाहन दिवस' के आयोजन में 15 वाहनों 60 अधिकारी पहुंचे। एक दर्जन अधिकारी अपनी अपनी साइकिल से दफ्तर पहुंचे, तो बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी पैदल पहुंचकर सुर्खियों में छाए रहे। खास बात रही कि अधिकारी नई साइकिल से पहुंचे, जिससे उनकी तैयारियों का सहज अंदाजा लगा। महाप्रबंधक आशुतोष पंत के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और ईंधन की बचत को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के तहत बरेका के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों ने कार्यालय आने-जाने के लिए साझा वाहन व्यवस्था अपनाई। कई अधिकारी एक ही वाहन में सामूहिक रूप से कार्यालय पहुंचे। इससे न केवल ईंधन की बचत हुई, बल्कि कार्बन उत्सर्जन कम करने का सकारात्मक संदेश भी गया।

## औसानगंज से संपूर्णानंद विश्वविद्यालय तक बिछायी जाएगी नई सीवर लाइन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महापौर अशोक कुमार तिवारी और क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के आदमपुर जोन में 17.52 करोड़ रुयये की लागत से बनने वाली सीवर व जल निकासी परियोजना का विधिवत शिलान्यास किया। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत औसानगंज चौराहे से शुरू होकर ईश्वरगंगी, नाटी इमली, धूपचंडी होते हुए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तक कुल 2010 मीटर लंबी नई सीवर पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। महापौर ने बताया कि यह कार्य अगले छह महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

## टूरिस्ट ट्रांसपोर्टरों की 25 मई के बाद हड़ताल की चेतावनी

**वाराणसी।** पैनिक बटन, वीएलटीडी की अनिवार्यता समेत अन्य समस्याओं को लेकर टूरिस्ट ट्रांसपोर्टरों ने शुक्रवार को आरटीओ कार्यालय में विरोध दर्ज कराया। इस दौरान टूरिस्ट ट्रांसपोर्टरों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 25 मई के बाद संचालन ठप करते हुए हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इस दौरान सभी वाहनों की चाबियां जमा करने को भी बाध्य होंगे। ट्रांसपोर्टरों ने आरटीओ को ज्ञापन भी सौंपा।

## मंत्री ने आठ सड़क नव निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने शुक्रवार को शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र के सारनाथ व पंचकोशी दनियालपुर में कुल लागत 1 करोड़ 44 लाख की धनराशि से बने 8 सड़क नव निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने अन्य निर्माणाधीन कार्यों को भी शीघ्र पूरा कराए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य ने किया बरेका का दौरा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अतिरिक्त सदस्य (रेल भंडार), रेलवे बोर्ड राजीव कुमार ने आज 15 मई शुक्रवार को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बरेका कर्मशाला के एएसआरएस वार्ड, एमएस वार्ड, टीओटी -37 वार्ड, एचएलएस-39 वार्ड, जे -56 वार्ड एवं लोको फ्रेम शॉप का गहन निरीक्षण किया। कारखाना भ्रमण के उपरांत प्रशासन भवन स्थित कीर्ति कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बरेका का संक्षिप्त इतिहास, लोको निर्माण प्रक्रिया, उन्नत तकनीकी नवाचारों एवं उत्पादन उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## रोटरी क्लब सेंट्रल एवं मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया वाटर कूलर

**● जनहितकारी सुविधाएं बढ़ाती हैं श्रमिकों की कार्यक्षमता**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल एवं मारवाड़ी युवा मंच (वाराणसी गंगा शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एस्टेट, वाराणसी में श्रमिकों एवं उद्यमियों की सुविधा हेतु 'शीतल जल हेतु वाटर कूलर' का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के एमएसएमई विभाग के सहायक निदेशक आर. के. चौधरी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में इस प्रकार का जनहितकारी सुविधाएं श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के अध्यक्ष रो. राजेश भाटिया ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में शीतल पेयजल की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक थी। मारवाड़ी युवा मंच (वाराणसी गंगा शाखा) की अध्यक्ष विनीता प्रसाद ने कहा कि आगे भी विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से जनसहयोग जारी रहेगा। संचालन रोटरी सेंट्रल के सचिव रो सतीश बजाज एवं धन्यवाद ज्ञापन मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सिल्की अग्रवाल द्वारा किया गया।

## सामूहिक विवाह परिणय सूत्र में बंधे 94 जोड़े



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सेवापुरी विकास खण्ड के प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के मांगलिक बेला पर सेवापुरी विकास खण्ड क्षेत्र के कुल 94 शादी के जोड़े शामिल वर-वधू तथा घराती व बाराती पक्ष के लोग सज धज कर यहां पहुंचे, जिसमें अल्पसंख्यक के 03 जोड़ें, पिछड़ा वर्ग के 30 जोड़ें, अनुसूचित जाति के 59 जोड़ें व अनुसूचित जनजाति के 02 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इस मांगलिक बेला पर सेवापुरी विकास खण्ड में मुख्य अतिथि सुजीत कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र सिंह, विधान परिषद सदस्य, विशिष्ट अतिथि नीलरतन पटेल, विधायक, सेवापुरी के प्रतिनिधि अदिति सिंह विवाह में सम्मिलित होकर सभी वर-वधुओं के मंगलमय जीवन की कामना की।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## नागेपुर में समर कैंप, लड़कियों के आत्मसुरक्षा पर एक माह का कोर्स



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लोक समिति और आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में किशोरियों को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को किशोरी समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक विभाष मुखर्जी , लोक समिति के संयोजक नन्दलाल मास्टर तथा समर कैम्प की प्रशिक्षक पूनम और प्रदीप ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह समर कैम्प प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा। कैम्प में किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जाएंगे। निःशुल्क कम्प्यूटर, इंग्लिश स्पीकिंग, ब्यूटीशियन, अचार-मुरब्बा एवं पापड़ निर्माण, स्कूटी व ई-रिक्शा ड्राइविंग, हैंडीक्राफ्ट, संगीत, डांस तथा ज्वैलरी निर्माण जैसे रोजगारपरक कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी।

## ईंधन की कीमतों में वृद्धि से बढ़ेगी बेतहाशा महंगाई




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के चलते आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर व्यापक तथा नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जो मेहनतकश और दैनिक मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों के जीवन को सर्वाधिक प्रभावित करेगा।



# भदोही समाचार

## प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने मृतकों के परिजनों को चेकः आंधी-तूफान पीड़ितों से मिले



**भदोही।** प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जिले का दौरा किया। उन्होंने आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों को सहायता राशि के चेक सौंपे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री एके शर्मा आज जिला मुख्यालय ज्ञानपुर स्थित गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने जन प्रतिनिधियों से मुलाकात की। गेस्ट हाउस में उन्होंने आंधी-तूफान से पीड़ित कुछ परिवारों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इसके उपरांत, मंत्री औराई थाना क्षेत्र के सरौली गांव पहुंचे और वहां मृतक परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आपदा अत्यंत दुखद थी और प्रदेश सरकार इस मुश्किल घड़ी में मृतक परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्री ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये के चेक सौंपे। इसके अतिरिक्त, जिन पशुपालकों के 28 पशुओं की मौत हुई थी, उन्हें भी 37,500 रुपये के चेक वितरित किए गए। मंत्री शर्मा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकृति ने इस तूफान में कई परिवारों से उनके प्रियजनों को छीन लिया है। उन्होंने दोहराया कि सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ हैं। जिले में आए इस आंधी-तूफान से कुल 16 लोगों की मौत हुई थी। इस दौरान 28 पशुओं की भी जान चली गई, जबकि चार लोग घायल हुए थे।

# बलिया समाचार

## बेरुआरबारी में सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत रखा

**बलिया।** बेरुआरबारी क्षेत्र में 16 मई 2026, शनिवार को वट सावित्री व्रत का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिन सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखा। सुबह स्नान करने के बाद महिलाओं ने नए वस्त्र धारण किए और सोलह श्रृंगार किया। वे पूजा की थाल सजाकर अपने नजदीकी वट वृक्ष के पास पहुंचीं, जहां उन्होंने वट वृक्ष के फेरे लगाए और पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। देशभर में वट सावित्री व्रत का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन वट वृक्ष और मां सावित्री की विधि-विधान से पूजा करने से दांपत्य जीवन सुखद रहता है और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यह दिन सभी सुहागिन महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन देवी सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे।

# जौनपुर समाचार

## बेटे को बचाने दौड़ा पिता झुलसा, नीचे लटक रहा था 440 वोल्ट का विद्युत तार, विभाग की लापरवाही



**जौनपुर।** जिले सुरेरी थाना क्षेत्र के सुरेरी गांव में शुक्रवार को करेंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसे बचाने पहुंचे पिता गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी पंकज सिंह की भैंस चरते-चरते घर के पास स्थित हरे चारे के खेत में पहुंच गई थी। भैंस को बाहर निकालने के लिए पंकज सिंह खेत में गए। इसी दौरान खेत में फैले करेंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और जमीन पर गिर पड़े। पिता को तड़पता देख उनका पुत्र हर्ष सिंह (23) उन्हें बचाने के लिए दौड़ पड़ा, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को करेंट लगते देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को खेत से बाहर निकाला। गंभीर हालत में पिता-पुत्र को उपचार के लिए भदोही के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हर्ष सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं पंकज सिंह का उपचार चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हरे चारे वाले खेत के ऊपर से गुजर रही 440 वोल्ट की विद्युत लाइन काफी नीचे लटक रही थी। इसकी शिकायत पहले भी बिजली विभाग से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। शुक्रवार को खेत में पानी भरा होने के कारण करेंट पूरे खेत में फैल गया।

# सोनभद्र समाचार

## सड़क हादसे में पीआरडी कर्मी सहित बाइक सवार की गई जान

**सोनभद्र।** जिले में बृहस्पतिवार की रात और शुक्रवार की भोर में अलग-अलग जगहों पर हुए हादसे में मऊ के रहने वाले पीआरडी कर्मी प्रभाकर पांडेय सहित दो की मौत हो गई। दोनों का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया। हादसा किस वाहन से हुआ, यह अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जजौली (मऊ) थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी पीआरडी कर्मी प्रभाकर पांडेय की ड्यूटी अनपरा थाने में लगी हुई थी। शुक्रवार की सुबह चार बजे के करीब वह बाइक से ही वाराणसी की तरफ जा रहे थे। राबटर्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बट गांव के पास वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर पहुंचे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस घायल को लेकर सीएचसी मधुपुर पहुंची जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिवार वालों को सूचना देने के साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# आजमगढ़ समाचार

## बैंगन की कलौंजी खाने के बाद एक ही परिवार के 5 लोगों की तबीयत बिगड़ी



**सगड़ी।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चंगईपुर गांव में बैंगन की कलौंजी खाने के बाद एक ही परिवार के पांच लोगों की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर खाद्य विभाग की टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। चंगईपुर गांव निवासी अर्जुन गौतम ने बताया कि बुधवार की रात उनके घर बैंगन की कलौंजी बनाई गई थी। उस समय वह घर पर नहीं थे। परिवार के सदस्य भोजन करने के बाद बातचीत कर रहे थे। खाना खाने के करीब आधे घंटे बाद रात करीब 9.30 बजे पिता अनिल कुमार (40), मां मंशा देवी (38), दादी कुमारी देवी (65), बहन अंशिका (14) और ननिहाल आए महाराजगंज थाना क्षेत्र के नगवा मैदो सरदहा निवासी अमन कुमार (18) की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। सभी को चक्कर आना, मिचली और बेसुध होने जैसे लक्षण दिखाई देने लगे, जबकि अनिल कुमार को उल्टी होने लगी। हालत गंभीर होते देख आसपास के लोगों ने अर्जुन को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से अर्जुन सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीयनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन पहले एक निजी अस्पताल और फिर मंडलीय जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, लेकिन वहां से अंततः शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है।

# मीरजापुर समाचार

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने मृतक के परिजनो से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए चार–चार लाख रूपये प्रदान किया सहायता चेक



**मीरजापुर।** मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उरवरक भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने विगत 13 मई 2026 को सांय काल आए भीषड़ आंधी तूफान में जान गवाने वाले प्रभावित परिवारो के घर पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की तथा मृतको के परिजनो को राज्य आपदा मोचन निधि से प्रत्येक परिजन को चार–चार लाख रूपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। भ्रमण कार्यक्रम के तहत मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री दिल्ली से वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचने के बाद सीधे तहसील सदर अन्तर्गत मझवां विकास खण्ड के ग्राम केवटावीर में वंदना पत्नी भगवान दास जिनकी मृत्यु आंधी में दीवार गिरने के कारण हुई थी के आवास पहुंचकर परिजनो से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा चार लाख रूपये का राज्य आपदा मोचन निधि से चेक प्रदान किया। तत्पश्चात मा0 केन्द्रीय मंत्री ने चुनार तहसील अन्तर्गत ग्राम विदापुर मृतक श्रीमती वेला पत्नी हंसराज जिनकी मृत्यु आंधी टीन शेड से चोट लगने के कारण हुई उनके घर पहुचंकर परिजनो से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की तथा चार लाख रूपये राज्य आपदा मोचन निधि से चार लाख रूपये का चेक प्रदान किया।तत्पश्चात मा0 केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल पहाड़ी विकास खण्ड के ग्राम सूर्यपुर मृतक लालता प्रसाद पुत्र पंचम जिनकी मृत्यु हवा के झोके से पोखरी में गिरने के कारण तथा ग्राम मोहनपुर भवरख मृतक सरोज देवी पत्नी बाबू लाल बिन्द जिनकी मृत्यु पेड़ से दबने के कारण एवं महेवा निवासी मृतक बिहारी बिन्द पुत्र स्व0 रामचन्द्र जिनकी मृत्यु पेड़ के नीचे गिरने के कारण तथा ग्राम छटहा धरमदेवा मृतक शेरू बिन्द्र रामदुलार बिन्द जिनकी मृत्यु पेड़ के नीचे दबने कारण हुई तथा ग्राम चपगहना निवासी मृतक अंशू मौर्य पुत्र शिवकुमार मौर्य जिनकी मृत्यु पेड़ से दबने के कारण हुई के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य आपदा मोचन निधि से क्रमशः चार–चार लाख रूपये का सहायता चेक प्रदान किया।

# चंदौली समाचार

## रेलवे कर्मियों ने चलाई साइकिल पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**चंदौली।** पर्यावरण शुद्धता के लिए शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक सहित सभी अधिकारी साइकिल से चलाए। इस दौरान रेल कर्मियों से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाकर पर्यावरण प्रहरी बनने का आह्वान किया गया। इसके पूर्व रेल कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। पूर्व मध्य रेल के पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का की शुरूआत मिशन लाइफ के साथ हुआ। 5 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता तथा सतत जीवनशैली को जन-जन तक पहुंचाना है। बाकले स्टेडियम में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अधिकारियों, कर्मचारियों, स्काउट एवं गाइड सहित उपस्थित रेलवे कर्मियों को हरित शपथ दिलाई।

# सुल्तानपुर समाचार

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**सुल्तानपुर।** अमेठी में टांडा-बांदा हाईवे पर हुए सड़क हादसे ने घर की खुशियां पलभर में छीन लीं। वरीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने निकले चाचा-भतीजा अंकित और अर्जुन के साथ उनके दोस्त करन की मौत के बाद शुक्रवार को मातम पसरा रहा। एक साथ उठीं दो अर्थियों ने हर किसी की आंखें नम कर दीं।

जिले के अंकारीपुर घसीटू का पुरवा गांव में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। अंकित और अर्जुन के शव शाम को गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिवार के लोग बार-बार यही कहते रहे कि कुछ घंटे पहले हंसते-बोलते घर से निकले दोनों युवक अब कभी वापस नहीं लौटेंगे। गांव के बुजुर्ग और महिलाएं परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे रहे, लेकिन पूरे गांव में गमगीन माहौल बना रहा। अमेठी जिले के टांडा-बांदा हाईवे पर मुंशीगंज के पूरब दुआरा मोड़ के पास बृहस्पतिवार रात अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार धम्मौर के अंकारीपुर घसीटू का पुरवा निवासी अंकित (22), उनके भतीजे अर्जुन (20) व मुंशीगंज के पूरब दुआरा निवासी करन (19) की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर बरीक्षा समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

परिजनों ने बताया कि अंकित व अर्जुन बृहस्पतिवार को अपने दोस्त करन के साथ एक बाइक से टिकरी गए थे। वहां से तीनों लौट रहे थे। हाईवे पर उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीनों को सीएचसी भेंटुआ पहुंचाया गया था। वहां चिकित्सक ने करन व अर्जुन को मृत घोषित कर दिया था। अंकित को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया। वहां पर देर रात उनकी भी मौत हो गई।

# देवरिया समाचार

## सड़क पर टहल रहे दो युवकों को वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**गौरी बाजार ( देवरिया )।** गौरी बाजार-रुद्रपुर मार्ग पर बृहस्पतिवार की रात करीब दो बजे पैदल टहल रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने डायल 112 व एंबुलेंस को सूचना दी। सीएचसी गौरी बाजार में एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। दोनों आधी रात के बाद गौरी बाजार क्या कर रहे थे, इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, देर रात सूचना मिली कि गौरी बाजार-रुद्रपुर मार्ग पर पहलवान बाबा स्थान के पास दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल पड़े हैं। दोनों को सीएचसी भेजवाया गया।

# मऊ समाचार

## इलाज कराने सीएचसी पहुंचे बुजुर्ग मरीज का दूसरे तल पर मिला शव

**मऊ।** रामपुर बेलौली थाना क्षेत्र के फतेहपुर मंडाव सीएचसी में इलाज कराने पहुंचे एक बुजुर्ग मरीज का शव शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे दूसरे तल पर मिला। एक मरीज के अटेंडर ने शव देखकर अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर मधुबन थाना क्षेत्र के रमऊपुर निवासी रमाकांत (65) के रूप में हुई। रमाकांत शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे सीएचसी में इलाज कराने पहुंचे थे। यहां उन्होंने डॉ. जितेंद्र कुमार को दिखाया, जिसके बाद चिकित्सक ने कुछ जांचें लिखीं। जांच के लिए मरीज दूसरे तल पर बलगम जांच केंद्र पहुंचा था, लेकिन वहां कक्ष बंद मिला। इसके बाद वापस लौटते समय वह गैलरी में गिर पड़े। कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

# गोरखपुर समाचार

## पेट्रोल-डीजल के लिए पंपों पर लगी लंबी कतार, दिनभर परेशान रहे लोग



**गोरखपुर।** पेट्रोल-डीजल की किल्लत की आशंका के बीच शुक्रवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ रही। कई स्थानों पर लंबी कतारें लगी रहीं, जबकि कुछ पंपों पर तेल खत्म होने के बाद लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। शहर में पेट्रोल और डीजल लेने के लिए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभाग का दावा है कि किल्लत दूर करने के लिए 200 टैंकर मंगाए गए हैं। यूनिवर्सिटी के पास स्थित पेट्रोल पंप पर दिनभर वाहनों की भीड़ लगी रही। गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर गोरखनाथ क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप पर वाहनों की लाइन करीब आधा किलोमीटर तक पहुंच गई। बेतियाहाता स्थित पेट्रोल पंप पर तेल खत्म होने के बाद भी लोग घंटों लाइन में खड़े रहे। बाद में कर्मचारियों के समझाने पर लोग वहां से हटे। काली मंदिर के पास स्थित पेट्रोल पंप पर सुबह से लगातार पेट्रोल वितरण होने के कारण कर्मचारियों को बीच में ब्रेक लेना पड़ा। हालांकि, देर रात तक शहर के अधिकांश पंपों पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध रहा। जिन पंपों पर आपूर्ति नहीं पहुंची थी, वहां लोग देर रात तक आते-जाते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कुछ ऐसी ही रही। सिकरीगंज क्षेत्र के हरदत्तपुर स्थित भारत पेट्रोलियम पंप पर तेल पहुंचते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सड़क तक लंबी कतार लगने से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। अमोढ़ा पेट्रोल पंप पर भी करीब एक सप्ताह बाद पेट्रोल-डीजल पहुंचने पर भारी भीड़ जुटी।

लगातार बढ़ती महंगाई के बीच अब खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। बाजार में सरसों तेल और रिफाइंड के दाम में अचानक पांच से 10 रुपये तक की बढ़ोतरी होने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। वहीं, चावल के दाम में भी प्रति किलो करीब पांच रुपये तक की वृद्धि दर्ज की गई है। बीते कुछ दिनों में थोक बाजार में खाद्य तेलों के दाम बढ़े हैं, जिसका असर खुदरा बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। सरसों तेल और रिफाइंड के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा असर मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। सरसों तेल का दाम पांच रुपये बढ़कर 170 से 175 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# गाजीपुर समाचार

## रेलवे ट्रैक पर बलिया के युवक का मिला शव

**दुबिहा।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर डेहमा हाल्ट स्थित फुट ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव क्षत-विक्षत स्थिति में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि संभवतः किसी ट्रेन की जद में आने से युवक की कटकर मौत हो गई है। करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष रमेश कुमार पटेल ने बताया कि मृतक की पहचान बलिया जनपद के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के फिरोजपुर (राजेंद्र नगर) निवासी अनिल गुप्ता (40) के रूप में हुई। पुलिस की ओर से सूचना दिए जाने पर मौके पर परिजन पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त की। परिजनों ने बताया कि अनिल गुप्ता पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे। बृहस्पतिवार की शाम वह घर से निकला थे, लेकिन देर रात नहीं लौटे।

# प्रयागराज समाचार

## 17 मई से शुरू होगी भीषण गर्मी, 46 तक पहुंचेगा पारा




**प्रयागराज।** तेज आंधी के बाद बृहस्पतिवार को मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह हवाओं की रफ्तार मंद पड़ते ही चिलचिलाती धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। इससे दोपहर तक लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ. शैलेष राय के अनुसार आने वाले दिनों में उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाएगी। छह दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी और उमस हावी रहेगी। आमतौर पर ऐसा मौसम जून में देखने को मिलता है। इस बार पश्चिम के कुछ इलाकों में बारिश होने की वजह से उमस भरे मौसम का अनुमान लगाया जा रहा है।

17 से 20 मई तक अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। वहीं 20 मई के बाद तापमान में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल सकती है।

1- लगातार थोड़ी मात्रा में पानी पीते रहें।
नीबू पानी, छाछ, नारियल पानी और बेल का शरबत पीएं।
2- खीरा, ककड़ी, तरबूज और खरबूजा खाएं।
3- मसालेदार और भारी भोजन से बचें। यह पेट की गर्मी बढ़ाता है। दही और सलाद को शामिल करें।
4- हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें।
5- उमस से त्वचा पर फंगल इन्फेक्शन हो सकता है। रोजाना दो बार नहाएं।
6- नहाने के पानी में टी-ट्री ऑयल या नींबू की बूंदें डाल सकते हैं।
7- घमौरियों से बचने के लिए एंटी-फंगल पाउडर का इस्तेमाल करें।
8- कूलर को कमरे के अंदर न रखें, उसे खिड़की या दरवाजे पर लगाएं।
9- हल्के रंग के या ब्लैकआउट परदों का इस्तेमाल करें ताकि धूप और गर्मी अंदर न आए।
10-दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर न निकलें। अगर निकलना जरूरी हो, तो सिर ढकें और पानी साथ रखें।

# लाइफ मंत्र

## बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंगः जहां शिव के साथ विराजती हैं शक्ति, विश्व का इकलौता ऐसा मंदिर

द्वादश ज्योतिर्लिंग यानी कि भगवान शिव के 12 शिवलिंगों की पूजा और दर्शन करने का अपना एक अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और सुबह-शाम के स्मरण मात्र से व्यक्ति के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। शिव भक्त भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए किसी भी शिवालय में जाकर भगवान शिव की पूजा करते हैं। वहीं भगवान शिव की पूजा करने से जातक के जीवन के कष्टों का अंत होता है। लेकिन



द्वादश ज्योतिर्लिंग यानी कि भगवान शिव के 12 शिवलिंगों की पूजा और दर्शन करने का अपना एक अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और सुबह-शाम के स्मरण मात्र से व्यक्ति के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंग में देवघर के बाबा बैद्यनाथ की पूजा का विशेष महत्व होता है। क्योंकि यह इकलौता ऐसा ज्योतिर्लिंग है, जिसके साथ शक्तिपीठ भी मौजूद है।

**कामना ज्योतिर्लिंग**

झारखंड के देवघर में द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से बाबा बैद्यनाथ का ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठों में से एक मां पार्वती की शक्तिपीठ एक साथ विराजमान है। जिसकी वजह से बाबा बैद्यनाथ को कामना ज्योतिर्लिंग भी कहते हैं। क्योंकि यहां पर जो भक्त आते हैं, वह भगवान शिव के साथ मां शक्ति की भी पूजा-अर्चना करते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**विश्व का इकलौता ज्योतिर्लिंग**

बता दें कि देवघर में बाबा बैद्यनाथ का ज्योतिर्लिंग विश्व का एकमात्र ऐसा ज्योतिर्लिंग है। जहां पर ज्योतिर्लिंग के साथ शक्तिपीठ भी मौजूद है। शिव और शक्ति के एक साथ होने से बाबा नगरी और बाबा बैद्यनाथ का महत्व विश्व विख्यात है।

**शिव और शक्ति की पूजा**

आध्यात्म जगत में शिव और शक्ति की पूजा का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि भगवान शिव और शक्ति जीवन के दो मूलभूल स्तंभ हैं। वहीं पौराणिक कथाओं के मुताबिक देवघर में मां सती का हृदय गिरा था। जिस वजह से देवघर में भगवान शिव के साथ मां पार्वती का भी निवास है। बाबा नगरी में बसे भगवान शिव और शक्ति के दर्शन के लिए भक्त दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं और मां पार्वती और भगवान शिव की एक साथ पूजा की जाती है।

## कॉमेडी का महा-धमाका! Welcome To The Jungle Teaser Out, 30 सितारों के साथ अक्षय कुमार की वापसी!



रिलीज़ हुआ टीज़र कॉमेडी और एडवेंचर का एक ज़बरदस्त मिश्रण लग रहा है। अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग एक बार फिर दर्शकों को 'वेलकम' और 'फिर हेरा फेरी' के दिनों की याद दिलाती है। बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार एक बार फिर दर्शकों को हंसाने और गुदगुदाने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीज़र आज आधिकारिक तौर पर रिलीज़ कर दिया गया है। फैंस इस फिल्म का इंतज़ार 'वेलकम' फ्रैंचाइज़ी की लोकप्रियता के कारण लंबे समय से कर रहे थे, और टीज़र ने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।

**टीज़र में क्या है खास?**

रिलीज़ हुआ टीज़र कॉमेडी और एडवेंचर का एक जबरदस्त मिश्रण लग रहा है। अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग एक बार फिर दर्शकों को 'वेलकम' और 'फिर हेरा फेरी' के दिनों की याद दिलाती है। टीज़र को देखकर साफ़ है कि फिल्म में जंगल सफारी के साथ-साथ सिचुएशनल कॉमेडी का तगड़ा पिटारा खुलने वाला है।

**'वेलकम टू द जंगल' में नज़र आएंगे 30 बॉलीवुड कलाकार**

खास बात यह है कि इस फ़िल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है और इसमें सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी स्टार कास्ट में से एक नज़र आने वाली है। फ़िल्म में 30 से ज़्यादा बड़े सितारों को अहम किरदारों में कास्ट किया गया है। आज रिलीज़ हुए टीज़र में इस विशाल स्टार कास्ट की झलक साफ़ देखी जा सकती है। टीज़र में अक्षय कुमार अपने जाने-पहचाने कॉमिक अंदाज़ में नज़र आ रहे हैं, और उनकी ज़बरदस्त टाइमिंग दर्शकों को हँसने पर मजबूर कर देगी। इसके अलावा, अरशद वारसी से लेकर सुनील शेट्टी और दिशा पटानी जैसे कई दिग्गज कलाकार भी अपनी कॉमेडी से फ़िल्म में चार चाँद लगाने वाले हैं।

**रिलीज़ डेट का हुआ ऐलान**

टीज़र के साथ ही फिल्म की रिलीज़ तारीख पर से भी पर्दा उठ गया है। 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मेकर्स को उम्मीद है कि मानसून की शुरुआत में यह 'जंगल' सफारी बॉक्स ऑफिस पर पैसों की बारिश करेगी।

**निष्कर्षः हंसी का नया ठिकाना**

अहमद खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल एक विजुअल ट्रीट होगी, बल्कि इतने सारे कलाकारों को एक साथ एक ही फ्रेम में देखना दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। अगर आप भी कॉमेडी फिल्मों के शौकीन हैं, तो अपना कैलेंडर मार्क कर लें!



## 'मैंने जिंदगी में कभी कोई स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी, बस लिखी है...', Salman Khan ने अपने अनोखे स्टाइल से सबको चौंकाया

बॉलीवुड के 'सुल्तान' सलमान खान अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपने बेबाक और अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में रितेश देशमुख की मराठी ऐतिहासिक फिल्म 'राजा शिवाजी' में एक दमदार कैमियो करने वाले सलमान खान ने एक बार फिर अपने एक बयान से सबको हैरान कर दिया है। शुक्रवार को रिलीज हुए एक इंटरव्यू के प्रोमो में सलमान ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने इतने लंबे और सफल करियर में आज तक कभी कोई स्क्रिप्ट (Script) नहीं पढ़ी है।

'वैराइटी इंडिया' (Variety India) को दिए एक खास इंटरव्यू में जब सलमान से उनकी फिल्मों के चयन की प्रक्रिया के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहाः 'मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी कोई स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी है। हाँ, मैंने स्क्रिप्ट लिखी जरूर हैं, लेकिन कभी किसी की दी हुई स्क्रिप्ट को पूरा पढ़ा नहीं।'

> **'वैराइटी इंडिया' (Variety India) को दिए एक खास इंटरव्यू में जब सलमान से उनकी फिल्मों के चयन की प्रक्रिया के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहाः 'मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी कोई स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी है। हाँ, मैंने स्क्रिप्ट लिखी जरूर हैं, लेकिन कभी किसी की दी हुई स्क्रिप्ट को पूरा पढ़ा नहीं।'**

**मैंने कभी कोई स्क्रिप्ट नहीं पढ़ीः सलमान खान का अनोखा तरीका**


'Variety India' के साथ एक इंटरव्यू में, सलमान ने कहा कि उन्होंने अपनी ज़िंदगी में 'कभी कोई स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी,' और आगे कहा, 'मैंने उन्हें लिखा ज़रूर है, लेकिन कभी पढ़ा नहीं।' पहले भी, उन्होंने इस बात के संकेत दिए हैं कि वे स्क्रिप्ट को शुरू से आखिर तक पढ़ने के बजाय, फ़िल्म के पूरे माहौल, ट्रीटमेंट और कमर्शियल अपील को समझना ज़्यादा पसंद करते हैं। प्रोमो में सलमान उन महंगी घड़ियों के बारे में हो रही चर्चा का जवाब देते हुए भी दिखे, जिन्हें पहने हुए वे अक्सर नज़र आते हैं। इस मामले पर हिंदी में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ़ इसलिए कि उन्हें घड़ी पहने हुए देखा जाता है, इसका मतलब यह नहीं है कि वे उनकी ही हैं, उन्होंने आगे कहा कि हो सकता है एक घड़ी किसी दोस्त की हो और दूसरी किसी और की। पिछले कुछ सालों में, वे अक्सर अपनी महंगी घड़ियों की वजह से लोगों का ध्यान खींचते रहे हैं, जिनमें से कई की कीमत कथित तौर पर 1 करोड़ रुपये से ज़्यादा है।

**सलमान खान के आने वाले प्रोजेक्ट्स**

सलमान अब 'मातृभूमि' में नज़र आएंगे, एक ऐसी फ़िल्म जिसमें बड़े बदलाव होने की खबरें हैं। मार्च तक, इस प्रोजेक्ट का नाम 'बैटल ऑफ़ गलवान' था और कहा जा रहा था कि यह गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच हुई असली झड़प से प्रेरित है। तब से, इस फ़िल्म ने एक अलग ही मोड़ ले लिया है, इसका नाम बदल दिया गया है, चीन और गलवान घाटी से जुड़े सभी संदर्भ हटा दिए गए हैं, और कहा जा रहा है कि फ़िल्म के कई हिस्सों की दोबारा शूटिंग चल रही है। सलमान खान फ़िल्म्स बैनर के तहत सलमा खान द्वारा प्रोड्यूस और अपूर्व लाखिया द्वारा डायरेक्ट की गई फ़िल्म 'मातृभूमि' में सलमान, चित्रांगदा सिंह के साथ एक भारतीय सेना के कर्नल की भूमिका में नज़र आएंगे।

फ़िलहाल, फ़िल्म की रिलीज़ डेट की कोई घोषणा नहीं की गई है। सलमान ने नयनतारा के साथ अपनी आने वाली फ़िल्म के लिए ईद 2027 का समय भी तय कर लिया है। इस अनाम प्रोजेक्ट को, जिसे अभी 'SVC63' के नाम से जाना जा रहा है, तेलुगू फ़िल्ममेकर वामशी पैडिपल्ली डायरेक्ट करेंगे। इस एक्टर को हाल ही में फ़िल्म 'राजा शिवाजी' में 'जीवा महाला' का किरदार निभाने के लिए काफ़ी तारीफ़ मिली है। इस फ़िल्म में मुख्य भूमिका में रितेश देशमुख हैं, इनके अलावा जेनेलिया देशमुख, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन और अन्य कलाकार भी शामिल हैं।

## Rajinikanth ने सुनाया बेंगलुरु आश्रम से जुड़ा वो किस्सा, जिसने चूर-चूर कर दिया था उनके सुपरस्टार होने का अहंकार



सुपरस्टार रजनीकांत ने श्री श्री रविशंकर के आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम का एक यादगार किस्सा साझा किया, जहां सैकड़ों की भीड़ द्वारा अनदेखा किए जाने पर उनका अहंकार चूर-चूर हो गया। इस अनुभव ने उन्हें सिखाया कि फिल्मी स्टारडम अस्थायी है, जबकि असली और स्थायी स्टारडम आध्यात्मिकता में निहित है।

मशहूर अभिनेता रजनीकांत ने हाल ही में बेंगलुरु में 'आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर' की अपनी एक पुरानी यात्रा का दिलचस्प किस्सा साझा किया। आश्रम के 45 साल पूरे होने और आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने बताया कि कैसे एक आध्यात्मिक यात्रा ने उनके सुपरस्टार होने के अहंकार को पूरी तरह खत्म कर दिया। रजनीकांत ने कहा कि हिमालय के बाद यह आश्रम उनकी सबसे पसंदीदा जगह बन गई है।

**2 दिन का सफर कैसे बना 15 दिन का?**

रजनीकांत ने बताया कि जब वे पहली बार आश्रम पहुंचे, तो वहां की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और मुस्कुराते हुए लोगों को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने केवल दो दिन रुकने का मन बनाया था, लेकिन वहां का माहौल ऐसा था कि वे 15 दिनों तक वहीं रुक गए। उन्होंने मजाक में यह भी बताया कि आश्रम में एक घोड़े का नाम भी रजनी था, जिसे सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

**जब भीड़ ने सुपरस्टार को नहीं दी तवज्जो**

अभिनेता ने एक ऐसी घटना का जिक्र किया जिसने उन्हें जीवन की सच्चाई दिखाई। उन्होंने बताया कि एक बार श्री श्री रविशंकर ने उन्हें दर्शन के लिए साथ चलने को कहा। रजनीकांत को डर था कि एक बड़ा स्टार होने के नाते लोग उन्हें घेर लेंगे और ऑटोग्राफ मांगेंगे। वहां सैकड़ों लोग थे, जिनमें कई तमिलनाडु से भी थे। लेकिन रजनीकांत यह देखकर हैरान रह गए कि किसी एक व्यक्ति ने उनकी तरफ मुड़कर भी नहीं देखा।

**रजनीकांत ने कहा, असली स्टारडम तो आध्यात्मिकता में है**

रजनीकांत ने कहा, 'मैं लोगों को हाथ हिला रहा था, लेकिन कोई मुझे देख ही नहीं रहा था। सब अपनी भक्ति में लीन थे। इस अनुभव ने मेरे अहंकार को चूर-चूर कर दिया।' उन्होंने मंच से स्वीकार किया कि फिल्मी स्टारडम अस्थाई है और कुछ समय बाद खत्म हो जाता है। उन्होंने बताया कि असली और स्थायी स्टारडम 'आध्यात्मिकता' में है, जो इंसान की मृत्यु के बाद भी बढ़ता रहता है। उन्होंने श्री श्री रविशंकर को गुरुदेव कहते हुए इस गहरे सबक के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी, OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682